प्रेषक,

उपनिदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।

सेवा में,

कुल सचिव,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

the Registrar
R-13483
Date 06-11-25
University of Allahabad

पत्रांक– C-481/उप0दि0स0वि0/राज्य निधि/2025–26 दिनांक 03–नवम्बर, 2025

विषयः दिव्यांगजनों के हितार्थ आयोजित राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय ''दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी'' कार्यक्रम में प्रतिभाग किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों में अर्न्तनिहित सृजनात्मक क्षमता को सार्वजनिक क्षेत्र में उजागर करनें तथा उनकी पहुॅच जनसामान्य तक सुनिश्चित करनें के उद्देश्य से राज्य निधि अन्तर्गत उनके द्वारा निर्मित उत्पादों एवं कलाकृतियों के प्रदर्शन हेतु दिनांक 20, 21 एवं 22 नवम्बर, 2025 तक त्रिदिवसीय ''दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी'' का आयोजन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश में संचालित विभिन्न विश्वविद्यालयों/शिक्षण/तकनीकी संस्थाओं तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं द्वारा निर्मित उत्कृष्ट कलाकृतियों/उत्पादों एवं तकनीकी नवाचार/अनुसंधान का प्रदर्शन एवं बिक्री की जाएगी। कार्यक्रम में प्रतिभाग करनें वाले प्रतिभागियों के प्रवास, भोजन, प्रदर्शनी/विपणन उत्पाद के परिवहन लागत आदि का भुगतान आयोजक द्वारा किया जायेगा साथ ही कार्यक्रम में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

उक्त के क्रम में आपसे सादर अनुरोध है कि विश्वविद्यालय/शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की उत्कृष्ट कलाकृतियों/उत्पादों एवं तकनीकी नवाचार/अनुसंधान को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में दिनांक 20 से 22 नवम्बर, 2025 तक आयोजित त्रिदिवसीय ''दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी'' में प्रतिभाग करनें हेतु भेजनें एवं प्रतिभाग करनें वाले प्रतिभागियों का विवरण संलग्न प्रारूप पर दिनांक 12.11.2025 तक विभागीय ई–मेल आई0डी0 dhwoald@gmail.com पर उपलब्ध करानें का कष्ट करें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

- shared with meeting teachers group UOA on 6/11/2025
- Shared on whatsapp student group at 1.06 on 6/11/2025
- sent to PRO, Registrar, chairman ICT cell, DSW to publish it widely (9/11/2025) from personal email Id 1.05 PM.

भवदीय

Digitally signed by
ABHAY KUMAR SRIVASTAVA
Date: 03-11-2025 16:22:40

(अभय कुमार श्रीवास्तव)
उप निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
2–जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रयागराज।
3–प्रधानाचार्य, उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज।

उप निदेशक
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।